मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-523
**07/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने एशियन गेम्स 2023 में 100 से अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 07 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एशियन गेम्स 2023 में भारत के शानदार प्रदर्शन करने और ऐशियन गेम्स में पहली बार 100 से अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ऐशियन गेम्स में भाग ले रहे भारत के सभी खिलाड़ी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिये बधाई के पात्र हैं। सभी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की है। सभी देशवासी इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

******